# योगी ने शिक्षकों को दी बड़ी सौगात

## सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ग्रेच्युटी सीमा बढ़कर हुई 25 लाख

**लखनऊ 17 मार्च. उत्तर प्रदेश सरकार ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है.**



शासन ने ग्रेच्युटी/उपादान की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन स्तर पर विशेष सचिव उमेश चन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जब महंगाई भत्ता (डीए) मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो जाता है, तो ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा बढ़ाने का प्रावधान लागू होता है। शासनादेश में उल्लेख किया गया है कि यह निर्णय पूर्व में जारी आदेश 7 मई 2017 तथा वित्त विभाग के शासनादेश 23 दिसंबर 2016 और 02 जुलाई 2024 के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है. गौरतलब है कि पहले सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये निर्धारित थी.

### शिक्षक, वकील और पत्रकारों को मिलेंगे मकान

**लखनऊ.** योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि माफियाओं से मुक्त कराई गई सरकारी जमीनों का अब जनहित में उपयोग किया जाएगा.

### मुख्यमंत्री युवा योजना से बदली तकदीर

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना युवाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत आधार बनती जा रही है। इस योजना के तहत मिलने वाले ब्याज मुक्त और गारंटी मुक्त ऋण से युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहे हैं.

## एप्स्टीन से जुड़े कंटेंट सोशल मीडिया से हटाएं

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी की बेटी हिमायनी पुरी की याचिका पर अहम आदेश दिया है. जस्टिस मिनी पुष्करणा ने सोशल मीडिया यूजर्स पर पुरी की बेटी को जेफरी एपस्टीन से जोड़ने वाली सामग्री को प्रकाशित और प्रसारित करने पर रोक लगा दी है. हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया से उस कंटेंट को 24 घंटे के अंदर हटाने का निर्देश दिया है, हिमायनी को अमेरिकी दोष सिद्ध यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़ता है. हाईकोर्ट ने इस प्रकार की सामग्री के प्रकाशन और प्रसार पर भी रोक लगा दी है.बता दें कि हिमायनी ने दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया था.

# किसानों की आय और सुरक्षा की गारंटी : शिवराज

## तंबाकू की जगह नकदी वाली फसलें प्रोत्साहित कर रही हैं केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, 17 मार्च. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने तंबाकू जैसी हानिकारक फसल के स्थान पर लाभदायी वैकल्पिक फसलें उपलब्ध कराने से लेकर एमएसपी पर ऐतिहासिक खरीदी, फसल बीमा योजना में क्रांतिकारी सुधार और सख्त निगरानी व्यवस्था के जरिए किसानों की आय और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है.**



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोक सभा में सांसदों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए बताया कि मोदी सरकार ने केवल किसानों से तंबाकू की उपज छोड़ने की अपील नहीं की, बल्कि जिन क्षेत्रों में ये उगाई जाती है.

### बापू हमारे विचारों में हैं- शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में आज कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा राजनीतिक प्रहार करते हुए महात्मा गांधी जी की विरासत, मनरेगा, विकसित भारत-जी राम जी कानून, पीएम आवास, आयुष्मान, मुफ्त राशन, लखपति दीदी और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के सहारे पूरा नैरेटिव उलट दिया.

## परीक्षा से जुड़ी जानकारी न करें शेयर : सीबीएसई

**नई दिल्ली.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की कॉपियों की जांच कर रहे शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है. बोर्ड ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करना सख्त रूप से प्रतिबंधित है. सीबीएसई के अनुसार, हाल ही में सोशल मीडिया पर कई ऐसे पोस्ट और कमेंट्स सामने आए हैं, जिनमें कॉपी जांच प्रक्रिया को लेकर भ्रामक या तथ्यहीन जानकारी साझा की जा रही है. इससे छात्रों और अभिभावकों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ सकता है. बोर्ड ने अपनी एडवाइजरी में कहा है कि परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन एक गोपनीय प्रक्रिया है और इसे सख्त नियमों के तहत संचालित किया जाता है.

## 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

**नई दिल्ली.** लोकसभा ने मंगलवार को ध्वनि मत से विपक्ष के आठ सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव तब पेश किया, जब कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने कुछ सदस्यों द्वारा की गई 'अनजाने में हुई चूक' के लिए खेद व्यक्त किया.समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया. धर्मेंद्र यादव ने कहा, लोकसभा की सत्ता पक्ष की बेंचों को भी सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए. लोकसभा में कांग्रेस के सुरेश ने कहा, सदन चलाने में सहयोग के लिए तैयार हैं. विपक्ष को बोलने का समान अवसर मिलना चाहिए. वहीं, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींची जानी चाहिए.

## इजरायली हमले में ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत!

**तेल अवीव, 17 मार्च (शिन्हुआ/वार्ता)** ईरान के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है कि इजरायल के हमले में उनके शीर्ष सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी मारे गए हैं. इससे पहले इजरायली मीडिया ने दावा किया कि इजरायली सेना ने ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और शीर्ष सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें उनकी मौत हो गयी। इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल ज़मीर ने एक बयान में कहा कि रात भर चले सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण खात्मे संबंधी उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। जनरल ज़मीर के इन संकेतों को अली लारीजानी पर हुए हमले से जोड़कर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कार्रवाइयों का युद्ध के आगामी घटनाक्रम पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है. इजरायली मीडिया के अनुसार, सेना ने तेहरान स्थित एक सुरक्षित ठिकाने को निशाना बनाया, जहाँ कथित तौर पर फिलिस्तीनी समूहों से जुड़े लोग मौजूद थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ठिकाने पर गाजा और वेस्ट बैंक के चरमपंथी भी मौजूद थे.

## डाक विभाग ने शुरू 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा



**नई दिल्ली, 17 मार्च. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के 6 प्रमुख शहरों में 24 और 48 घंटे में गारंटीकृत वितरण देने वाली डाक विभाग की नई सेवाओं '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और '48 स्पीड पोस्ट' का शुभारंभ किया.** इन सेवाओं के तहत अब दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में रिकॉर्ड समय में पार्सल पहुंचाया जाएगा. देरी होने की स्थिति में उपभोक्ता को पूरा शुल्क वापस किया जाएगा. केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश के 6.5 लाख गांवों, हर तहसील और तालुका में यदि परिवार के सदस्य से भी अधिक किसी संस्था पर भरोसा किया जाता है तो वह ग्रामीण डाक सेवा है. यही भरोसा डाक विभाग की सबसे बड़ी ताकत है. उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया में डाक विभाग जैसा इतना बड़ा और गहराई तक फैला नेटवर्क किसी अन्य देश के पास नहीं है. यह नेटवर्क देश के अंतिम छोर तक अपनी पहुंच बनाए हुए है. सिंधिया ने कहा कि यह सेवा डाक विभाग के लिए एक नए युग की शुरुआत है. आज देश के अंतिम व्यक्ति तक स्मार्टफोन पहुंच चुका है और ई-वाणिज्य तेजी से बढ़ रहा है. वर्तमान में यह बाजार लगभग 11 लाख करोड़ रुपये का है जो 2030 तक 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है. ऐसे में तेज और भरोसेमंद वितरण प्रणाली की आवश्यकता और बढ़ जाती है. नई सेवाएं आम लोगों, छोटे व्यापारियों और ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए बड़ा बदलाव साबित होंगी.


